नव भारत

4 इतिहास के पाठ्यक्रम में बदलाव कितना उचित

5 यूएन प्रमुख ने की शांति की अपील

8 अलेक्जेंडर ज्वेरेव मैड्रिड ओपन से बाहर

9 बंदरगाह और रॉटरडेम से संबंध होंगे मजबूत

पहली बार देश में जाति जनगणना

94 साल बाद देश में होगी जाति की गिनती | **2010** में प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने लोस में दिया था आश्वासन | **166.80** किमी हाई स्पीड कॉरिडोर | **210** करोड़ रूपए की लागत से बनेगा स्टेडियम

नयी दिल्ली 30 अप्रैल. बिहार विधानसभा चुनावों के पहले सरकार ने राजनीतिक महत्व का एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में आम जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों के बारे मे की जानकारी दी.

उन्होंने कहा कि 94 साल बाद देश में पहली बार होगी जाति जनगणना होने जा रही है. राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए. श्री वैष्णव ने कहा, कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है. आजादी के बाद की सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गयी. वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर केबिनेट में विचार किया जाएगा. तत्पश्चात एक मंत्रिमण्डल समूह का भी गठन किया गया था जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी. इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए, एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है. इस सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया.

सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है. हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है. जहां कुछ राज्यो में यह कार्य सूचारू रूप से संपन्न हुआ है वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया है. इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रांति फैली है. इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव मे न आये, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए. इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की भी प्रगति निर्बाध होती रहेगी.

श्री वैष्णव ने कहा, 30 अप्रैल के दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए. यह इस बात को दर्शाता है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगीण हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है.

> केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कैबिनेट मीटिंग में हुए फैसलों को लेकर ब्रीफिंग कर रहे है. उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने 22,864 करोड़ रुपये की कुल लागत से हाइब्रिड एन्युटी मोड पर मेघालय के मावलिंग्खुंग (शिलांग के पास) से असम के पंचग्राम (सिलचर के पास) तक 166.80 किलोमीटर (एनएच-6) के ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दी है. केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. यह बेंचमार्क मूल्य है, जिससे नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है.

एक नजर में

मोदी आज से तीन राज्यों के दौरे पर जायेंगे

नयी दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश के दो दिन के दौरे पर जायेंगे. मोदी गुरूवार को मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे. इसके बाद वह केरल जाएंगे और शुक्रवार को विझिंजम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. प्रधानमंत्री बाद में आंध्र प्रदेश जाएंगे और अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे.

पाक को सबक सिखाने का सही वक्त : कांग्रेस

नई दिल्ली. कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, यह एकजुटता का समय है. यह वह समय है जब हमें सामूहिक संकल्प के साथ पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है जिसे वह कभी न भूल पाए. उन्होंने कहा, हमले के तुरंत बाद 22 अप्रैल की रात को ही कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी. यह बैठक दो दिन बाद हुई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसमें शामिल नहीं हुए. फिर इस मामले में 24 अप्रैल को पारित कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है.

जहरीली शराब से छह लोगों की संदिग्ध मौत

अलवर. राजस्थान में अलवर जिले के सिलीसेढ़ क्षेत्र में अलग-अलग गांवों में पिछले कुछ दिनों में कथित जहरीली शराब पीने से छह लोगों की संदिग्ध मौत हो गई, लेकिन प्रशासन ने इनको सामान्य मौत माना है. प्रशासन ने सिर्फ तीन लोगों की मौत आदतन शराबी होने और बाकी तीन मौत बीमारी से होना माना है. हालांकि जहरीली कच्ची शराब से छह लोगों की मौत के संदेह पर प्रशासन का दल गांवों में पहुंचा है. सिलीसेढ़ क्षेत्र के करीब पांच गांवों में प्रशासन, पुलिस जांच कर रहे हैं.

हार्वर्ड विवि में पाक सम्मेलन को लेकर बवाल

वाशिंगटन. हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित पाकिस्तान सम्मेलन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. छात्रों ने इस आयोजन की आलोचना करते हुए कहा कि इससे राज्य प्रायोजित आतंकवाद को वैधता मिल सकती है, खासकर उस समय जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में एक दर्दनाक आतंकी हमला हुआ, जिसे छात्रों ने धार्मिक आधार पर किया गया नरसंहार बताया. पाकिस्तान सम्मेलन को लेकर हावर्ड यूनिवर्सिटी की छात्रा सुरभि तोमर ने अपनी नाराजगी जताई.

गुस्ताखी माफ

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन

नयी दिल्ली 30 अप्रैल. पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सरकार ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर रिसर्च एंड एनालाइसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया अध्यक्ष नियुक्त किया है. पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सात सदस्यों में कई शीर्ष स्तर के सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों के अलावा भारतीय पुलिस सेवा के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया गया है.

बोर्ड के नए सदस्यों में एयर मार्शल पीएम सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, रियर एडमिरल मोंटी खन्ना और भारतीय पुलिस सेवा दो पूर्व अधिकारी - राजीव रंजन वर्मा तथा मनमोहन सिंह शामिल हैं. इसके अलावा, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बी वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्यीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है. पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढते तनाव और देश में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया. बोर्ड का पुनर्गठन सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए किया गया है क्योंकि यह बोर्ड राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेशी मामलों पर सरकार को दीर्घकालिक रणनीतिक विश्लेषण और नीतियों के बारे में सिफारिश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.



रॉ के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को बनाया गया अध्यक्ष

राहुल गांधी शुभम के परिजनों से मिले

- पहलगाम हमले में आतंकी के शिकार हुए थे
- कांग्रेस महासचिव प्रियंका ने फोन पर की बात

कानपुर, 30 अप्रैल. कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी बुधवार को कानपुर पहुंचे. वह दोपहर बाद 3.35 बजे चकेरी एयरपोर्ट पहुंचें. वहां से वह चारे बजे तक पहलगाम में आतंकवादियों की गोली का शिकार हुए शुभम द्विवेदी के घर हाथीपुर जाकर परिजनों से मिले.

राहुल गांधी ने शुभम के परिजनों की प्रियंका वाड्रा से फोन के माध्यम से बात करवाई. प्रियंका से शुभम के पिता ने कहा कि आपकी दादी और पिता को भी आतंकवादियों ने छीना है. प्रियंका ने लगभग सात मिनट परिजनों से फोन पर बात की. वहीं, राहुल बीस मिनट रूके.

जाति जनगणना पर सरकार बताए तारीख : राहुल गांधी

नई दिल्ली. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हम पिछले कई सालों से सोच विचार कर सरकार से जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं. उन्होंने कहा हमारी कुछ मांगे हैं. हम चाहते हैं कि सरकार जाति जनगणना कराने की तारीख बताए. श्री गांधी ने मुख्य तौर पर सरकार से चार मांगे रखी हैं. राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जनगणना कब और कैसे होगी, इसकी टाइमलाइन बताए. केंद्र सरकार को तेलंगाना सरकार की तरह तेज, पारदर्शी और समावेशी जाति सर्वे मॉडल अपनाने चाहिए.

फिजूल खर्ची रोकते हैं सामूहिक विवाह : सीएम

बगैर मुहूर्त का शुभ मुहूर्त अक्षय तृतीया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 70 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

नवभारत न्यूज़

उज्जैन. जब कोई मुहूर्त नहीं रहता है तो बिना पूछे का मुहूर्त अक्षय तृतीया पर रहता है, इस दिन जो भी कार्य किए जाते हैं वह शुभ और सफल रहते हैं. सामूहिक विवाह फिजूल खर्ची रोकते हैं और समाज को एकजुट बनाए रखते हैं.

यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन आगमन पर कही. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दिल्ली और जयपुर के दौरे से मंगलवार रात को ही उज्जैन पहुंच गए जिससे कि वह बुधवार को सभी जरूरी आयोजनों में शामिल हो सके. मुख्यमंत्री सुबह से ही धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में पहुंचे. सीएम डॉ. यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा हमारी सरकार इस योजना के अंतर्गत हर जोड़े को 55 हजार रुपए की सहायता दे रही है. मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल का स्मरण करते हुए कहा कि महाकाल के आशीर्वाद से सभी बेटा-बेटियों का जीवन सुख, समृद्धि और आनंद से परिपूर्ण हो, यही मेरी प्रार्थना है। अक्षय तृतीया पर 70 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं.

सिंहाचलम मंदिर में दीवार गिरने से सात लोगों की मौत

विशाखापत्तनम, 30 अप्रैल. आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर सिंहाचलम में बुधवार तड़के टिकट खरीदने के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं पर दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए.

पुलिस ने बताया कि गंधमावस्या पर प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में भगवान वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी के दर्शन के लिए अर्द्ध रात्रि में 300 रुपये का टिकट खरीदने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु कतार में खड़े थे. इस दौरान भारी बारिश के साथ तूफान आया, जिसके कारण 20 फुट लंबी दीवार का एक हिस्सा गिर गया. मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये और घायलों को तीन-तीन लाख रुपये देने की घोषणा की.

पीएम ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंहाचलम मंदिर में 7 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है तथा मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये तथा जख्मी लोगों को 50 हजार-50 हजार की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है.

सेनाओं की मदद के लिए रेलवे ने भी कसी कमर

नयी दिल्ली 30 अप्रैल. पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों में सशस्त्र बलों को रसद आपूर्ति के लिए लाइनें खाली रखने एवं पथ उपलब्ध कराने को लेकर रेलवे में तैयारियां जोरों पर हैं. रेल भवन में मंगलवार शाम हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे एवं सेना के उच्चाधिकारी शामिल हुए. पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार सैन्य कार्रवाई की तैयारियों के बीच सेना ने रसद आपूर्ति, सैन्य साजो सामान एवं सैनिकों के द्रुत गति से परिवहन के लिए रेलवे से लाइनों को खाली रखने एवं मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है.

कोलकाता के होटल में आग से15 की मौत

कोलकाता, 30 अप्रैल. पश्चिम बंगाल में कोलकाता के मेचुआपट्टी इलाके में मंगलवार रात एक होटल में आग लग गई. हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई. जबकि, कई अन्य लोग घायल हो गए. आग पर काबू पा लिया गया है. कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा, आग रात करीब 8.15 बजे ऋतुराज होटल के परिसर में लगी, जिसके बाद बुर्राबाजार के भीड़भाड़ वाले इलाके में अफरा-तफरी मच गई.

कई लोग इमारत की खिड़कियों और संकरी दीवारों से भागने की कोशिश करते दिखाई दिए. इस दौरान चौथी मंजिल से कूदने का प्रयास करते समय कई लोग घायल हो गए. उन्होंने बताया कि 14 शव बरामद किए गए हैं.

पीएम मोदी ने जताया शोक, 2-2 लाख की घोषणा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के एक होटल में आग लगने और लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है तथा मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये तथा जख्मी लोगों को 50 हजार-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है. वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुख जताया है.

अहमदाबाद हवाई अड्डे पर 37.20 करोड़ का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त

अहमदाबाद, 29 अप्रैल. गुजरात में अहमदाबाद हवाई अड्डे पर 37.20 करोड़ रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया गया. नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय तस्करी को बड़ा झटका देते हुए राजस्व खुफिया निदेशालय ने अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 37.2 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत 37.2 करोड़ आंकी गयी है. कार्रवाई करते हुए डीआरआई अधिकारियों ने बैंकॉक से आ रहे चार भारतीय नागरिकों को अहमदाबाद कस्टम्स की मदद से रोका.

पाक में खौफ | पहलगाम हमले की जवाबी कार्यवाही को लेकर पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह का आया बड़ा बयान

भारत कर सकता है 24 से 36 घंटे में हमला : तरार

इस्लामाबाद/नईदिल्ली, 30 अप्रैल. पाकिस्तान के रक्षामंत्री के बाद अब वहां के के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने भारत की पहलगाम हमले की जवाबी कार्यवाही को लेकर बढ़ा बयान दिया है. मंत्री तरार ने बुधवार को दावा किया कि पाकिस्तान के पास पुख्ता खुफिया जानकारी है कि भारत अगले 24 से 36 घंटों के भीतर सैन्य कार्रवाई कर सकता है.

मंत्री तरार ने कहा कि भारत इस कार्रवाई के लिए पहलगाम घटना को झूठा बहाना बना सकता है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, पाकिस्तान के पास ऐसी पुख्ता इंटेलिजेंस है कि भारत 24 से 36 घंटों के अंदर एक फौजी हमला करने की नीयत रखता है और इसके लिए पहलगाम वाकिया को बहाना बनाया जा रहा है.

वहीं, पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है. इस आतंकी घटना के बाद सीमा पर पाकिस्तान की ओर से लगातार सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है. जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया है. अब भारत ने पाकिस्तान की ओर की जा रही गोलीबारी पर आपत्ति दर्ज करायी है. रक्षा सूत्रों के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने कल हॉटलाइन पर बातचीत की और पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की. भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के किए जा रहे संघर्ष विराम उल्लंघन के खिलाफ पाकिस्तान को चेतावनी दी है. भारतीय सेना के मुताबिक, 29-30 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की. भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और उचित तरीके से जवाब दिया. सेना ने यह भी बताया कि पाकिस्तान की ओर से किया जा रहा संघर्षविराम उल्लंघन अब सिर्फ एलओसी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा तक पहुंच गया है.

एनआईए ने की आतंकियों की 3डी मैपिंग

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है. पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई है. अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीम बैसरन घाटी पहुंची है, जहां आतंकवादी हमला हुआ था. ह्ढ्ढ की टीम ने क्राइम सीन को फिर से रीक्रिएट किया है. सूत्रों के मुताबिक एनआईए ने अब तक 2,000 से ज्यादा ओवर-ग्राउंड वर्कर्स से पूछताछ की है. इनमें से कम से कम 15 एजेंट एनआईए की जांच के दायरे में हैं. सुरक्षा अधिकारियों द्वारा गहन पूछताछ के बाद इन 15 ओवर-ग्राउंड वर्कर्स से पूछताछ की जा रही है.

3 आतंकियों की हुई पहचान

एनआईए सूत्रों के मुताबिक पहलगाम हमले के पीछे तीन मुख्य अपराधी हैं, एक कश्मीर में है, और दो पाकिस्तान में हैं. पहला है लश्कर-ए-तैयबा का प्रमुख हाफिज सईद. दूसरा है लश्कर का उप प्रमुख सैफुल्लाह और तीसरा पाकिस्तान एसएसजी का पूर्व कमांडर हाशिम मूसा (उर्फ सुलेमानी). माना जा रहा है कि पीओके का आतंकी फारूक टीडवा ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के प्रवेश में मदद की थी.